UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर


Digital Edition

यंग भारत
टेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-220 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 23 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## सीएम योगी सही कह रहे हैं, मैं माफी मांगने को तैयार हूं', हनुमानगढ़ी में नमाज न पढ़ने वाले बयान पर बृजभूषण का यूटर्न



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**गोंडा:** अयोध्या की हनुमानगढ़ी में नमाज को लेकर दिए गए बयान के बाद घिरे पूर्व बीजेपी सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मंगलवार देर शाम मीडिया के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान सही है।

बृजभूषण सिंह ने कहा कि अगर मेरे शब्दों से किसी को ठेस पहुंची है या लगा कि मैंने मुख्यमंत्री की बात काटी है तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। मुख्यमंत्री की बात काटने का सवाल ही नहीं उठता। मेरी ऐसी कोई मंशा भी नहीं थी। बीते दिनों मेरे द्वारा दिए गए बयान से अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं माफी मांगने के लिए तैयार हूं। दरअसल, हाल ही में मीडिया ने उनसे सवाल किया था कि क्या हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज अदा की गई थी। जवाब में उन्होंने कहा था कि सीढ़ियों पर नमाज नहीं हुई। अब उन्होंने माना कि उस समय उन्हें ये भी स्पष्ट करना चाहिए था कि नमाज सीढ़ियों पर नहीं, बल्कि 52 बीघा के परिसर में या किसी संत के स्थान पर हुई थी। उनका कहना था कि अगर मैं दूसरी पंक्ति में ये भी कह देता कि 52 बीघा परिसर में नमाज पढ़ी गई थी, तो शायद इतना विवाद नहीं होता। हनुमानगढ़ी के नाम का जिक्र आते ही वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैं हनुमान जी का भक्त हूं और अयोध्या से मेरा गहरा जुड़ाव है। जब मुझसे पूछा गया कि क्या हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़ी गई तो मुझे बहुत गुस्सा आया। बृजभूषण ने हनुमानगढ़ी के निर्माण को लेकर भी बात रखी। उन्होंने माना कि उनके मुंह से निकल गया था कि इसका निर्माण एक मुस्लिम ने कराया, लेकिन ये बात अधूरी थी। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में स्वयं भगवान शिव ने हनुमानगढ़ी का उल्लेख किया है। ऐसे में यह कहना उचित नहीं होगा कि इसे किसी एक व्यक्ति ने बनवाया। उन्होंने दावा किया कि 18वीं शताब्दी में शुजाउद्दौला याचक के रूप में वहां पहुंचा था। नागा साधुओं और मुस्लिम पक्ष के बीच चल रहे संघर्ष के बाद उन्होंने 52 बीघा भूमि का पट्टा दिया और निर्माण में मदद भी की। बाद में गूगल पर इसे गलत तरीके से हनुमानगढ़ी के निर्माण से जोड़ दिया गया। बृजभूषण सिंह ने कहा कि हनुमानगढ़ी पर सदियों तक आक्रांताओं के हमले हुए, पर नागा साधुओं ने इसे कभी टूटने नहीं दिया। उन्होंने दोहराया कि वह राम जन्मभूमि, सनातन और साधु-संतों से जुड़े हर आंदोलन में हमेशा साथ खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे।




## तुम तो मर जाओगे, मेरा क्या होगा' कैंसर से जूझ रहे पति को छोड़ पत्नी ने रचाई दूसरी शादी,कोर्ट ने लिया एक्शन

( यंग भारत न्यूज )

सोशल मीडिया के दौर में प्यार, शादी और फिर बेवफाई के कई किस्से सामने आते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के इंदौर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां कैंसर जैसी बीमारी के मुश्किल वक्त में जीवनसाथी का साथ निभाने के बजाय पत्नी ने मुंह मोड़ लिया सांस की नली में कैंसर की खबर सुनते ही पत्नी ने ना सिर्फ पीड़ित पति का साथ छोड़ा, बल्कि कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना दूसरी शादी भी रचा ली। अब इस मामले में कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाते हुए आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। आइए जानते हैं कि आखिर पूरा मामला क्या है

इंदौर की राजस्व कॉलोनी के रहने वाले आकाश जाट की मुलाकात रतलाम की साक्षी नकुम से इंस्टाग्राम पर हुई थी। धीरे-धीरे दोनों की बातें बढ़ीं और दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों ने अपने रिश्ते को नाम देने के लिए 20 नवंबर 2022 को इंदौर के आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया। शुरुआत में परिवार वाले थोड़े हिचकिचाए, लेकिन बाद में सहमति बन गई। इसके बाद दोनों परिवारों की मौजूदगी में 13 दिसंबर 2022 को रतलाम में सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ दोबारा धूमधाम से शादी कराई गई। शादी के कुछ महीनों तक सब कुछ ठीक चल रहा था। अचानक आकाश की सेहत बिगड़ने लगी। परिजन बेहतर इलाज और जांच के लिए उन्हें गुजरात के वडोदरा ले गए। वहां 10 अप्रैल 2023 को आई मेडिकल रिपोर्ट ने पूरे परिवार के होश उड़ा दिए। डॉक्टरों ने जांच में पुष्टि की कि आकाश की सांस की नली में कैंसर है। इस गंभीर बीमारी का पता चलते ही घर की खुशियां गम में बदल गईं। आकाश का कहना है कि जब उन्हें अपनी पत्नी के सबसे ज्यादा सपोर्ट की जरूरत थी, तभी उसके तेवर बदल गए। बीमारी की खबर सुनते ही पत्नी के बर्ताव में कड़वाहट आ गई और उसने दूरियां बनानी शुरू कर दीं। 'कैंसर का पता चलते ही साक्षी ने साफ कह दिया कि 'तुम तो कल मर जाओगे, फिर मेरा क्या होगा' इसके बाद वह मुझे इस गंभीर हालत में अकेला छोड़कर चली गई। उसने बिना तलाक लिए दूसरा घर बसा लिया।' बिना तलाक दूसरी शादी करने और जीवन संकट के वक्त धोखा देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पति ने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कानूनी जानकारों का मानना है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पहली शादी के रहते बिना तलाक दूसरी शादी करना गैर-कानूनी है। अब पुलिस वारंट के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## सुर्खियां

### रेलवे ट्रैक पार करते समय दर्दनाक हादसा में ट्रेन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

**कालपी-उरई।** बुधवार को कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक के समीप एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

### 18 शराब के अवैध क्वार्टर बरामद कर युवक को किया गिरफ्तार

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने देशी शराब के अवैध रूप से 18 क्वाटर लेकर जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गोरा करनपुर की पुलिया के पास से मोहित यादव पुत्र मूलचंद निवासी मुहल्ला तिलक नगर कोंच को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मोहित के पास से देशी शराब के 18 क्वाटर बरामद कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रेक्टर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**कोंच** ट्रेक्टर चोरी के दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की ।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिरावटी निवासी राहुल पटेल पुत्र राजकुमार ने बीती 20 जून की रात को नदीगांव रोड कोंच स्थित पेट्रोल पंप से महेंद्रा ट्रेक्टर यूपी 92 एपी 6855 चोरी हो जाने की कोतवाली में अज्ञात चोर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक शुभम सिंह परमार सहित उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, सुमितपांडेय ने पुलिस बल के साथ मिलकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान पंचानन चौराहे के पास से मामले के आरोपी अंकित शर्मा पुत्र रंगबहादुर निवासी ग्राम निगड़ा जिला औरैया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## यूपी में खरीदी जाएंगी 250 नई ई-बसें; यूपी रोडवेज के बेड़े में होगी शामिल

### योगी कैबिनेट ने दी मंजूरी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में नई इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने की योजना है। इससे संबंधित प्रस्ताव को योगी आदित्यनाथ कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। नई ई-बसों की खरीद पर कुल 425.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योगी सरकार के निर्णय के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, यूपीएसआरटीसी 25.50 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगा। इसी के साथ 250 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है। सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी रोडवेज बेड़े में टाइप-2 100 इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर, 3म2 50 सीटर) और टाइप-3 150 इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर, 2म2 41 सीटर) शामिल की जाएंगी। इन बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाने की योजना है। सरकार ने नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर कुल 425.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाने को मंजूरी दी है। इसमें 400 करोड़ रुपये राज्य सरकार की ओर से दिए जाएंगे। बचे 25.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संसाधनों से करेगा। योगी सरकार ने बसों की खरीद में प्रदेश के मैन्युफैक्चरर्स को प्राथमिकता देने का भी निर्णय लिया है। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। सीएक्यूएम के निर्देशों के मुताबिक, 1 नवंबर 2026 से दिल्ली में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 श्रेणी के वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी। ऐसे में नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से उत्तर प्रदेश रोडवेज इन मानकों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करेगा। एनसीआर क्षेत्र में बस संचालन पर ब्रेक नहीं लगेगा। एनसीआर में सर्दियों में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। योगी सरकार इलेक्ट्रिक बसों के जरिए प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन एवं शहरी क्षेत्रों में यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इससे डीजल आधारित बसों पर निर्भरता कम होगी। वायु प्रदूषण में कमी आएगी। पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। योगी सरकार का मानना है कि नई बसों के आने से परिवहन निगम का बेड़ा बड़ा होगा। इससे चालकों, परिचालकों और तकनीकी रख-रखाव से जुड़े कुशल-अकुशल कर्मियों के लिए नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा बस संचालन से जुड़े ढाबों, रेस्टोरेंट, अन्य यात्री सुविधाओं से संबंधित व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे अप्रत्यक्ष रोजगार में वृद्धि होगी।



## धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लेकर क्यों प्रदर्शन नहीं रोक देती भाजपा? क्या आ रही है अड़चनें?

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल, कॉकरोच पार्टी का संसद मार्च, छात्रों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले, लाठियां, अफरा-तफरी, कांग्रेस का पीएम आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन संसद में विपक्ष का हंगामा... पूरे विरोध प्रदर्शन की सिर्फ एक ही मांग है कि धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दें.

**लेकिन धर्मेंद्र प्रधान अब भी शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर बने हुए हैं.**

ऐसे में लोगों के मन में कई सवाल कौंध रहे हैं. हर व्यक्ति इस वक्त यही सोच रहा है कि आखिर क्यों प्रधानमंत्री मोदी या फिर भाजपा धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा नहीं ले रही है, वह भी तब, जब धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने से पूरे विरोध प्रदर्शन के खत्म होने की उम्मीद है. आइये जानते हैं इसी सवाल का जवाब...

**धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा बीजेपी के लिए मुश्किल क्यों?**

भाजपा धर्मेंद्र प्रधान को नहीं हटा रही है, इसकी चार वजहें सबसे बड़ी हैं, आइये सिलसिलेवार ढंग से जानते हैं, एक-एक वजह...



**पहली वजह- सरकार दबाव में झुकी है, ये नैरेटिव बनने का खतरा है**

सरकार ये नैरेटिव बिल्कुल नहीं बनने देना चाहती है कि सरकार दबाव में झुक गई है. दबाव में झुकने की वजह से क्क सरकार को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी. मोदी सरकार उसी से सबक ले रही है. वरिष्ठ पत्रकारों की मानें तो यूपीए के दौर में अशोक चव्हाण से शुरू हुआ इस्तीफों का दौर कई मंत्रियों को ले डूबा था. यूपीए सरकार दबाव संभाल नहीं पाई उसकी छवि बिगड़ती चली गई. एक्सपर्ट्स का कहना है कि सरकार ने अगर धर्मेंद्र से इस्तीफा लिया तो संदेश जाएगा कि सरकार से गलती हुई है. मोदी सरकार किसी भी प्रकार से ये नहीं दिखाना चाहती की उसने किसी दबाव में अपने मंत्री का इस्तीफा लिया.

सरकार इसी वजह से शुरुआत से कह रही है कि वे सिस्टम सुधार रहे हैं. सरकार ने नीट 2026 पेपर लीक केस में सीबीआई, राजस्थान एसओजी राज्य पुलिसों से जांच करवा रही है. ह्ड्ढ में सरकार ने 2 जॉइंट सेक्रेटरी- अनुजा बापट, रुचिरा विज 2 नए जॉइंट डायरेक्टर आकाश जैन, आदित्य राजेंद्र भोजगढिया को एजेंसी में भेजा है.

**दूसरी वजह- मोदी सरकार में इस्तीफा न होने की अघोषित नीति**

मोदी सरकार में सिर्फ आरोप लगने मात्र से मंत्रियों के इस्तीफे की परंपरा नहीं होते हैं. साल 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री तत्कालीन राजस्थान सीएम वसुंधरा राजे पर ललित मोदी को विदेश भेजने के आरोप लगे. विपक्ष ने इस्तीफे की मांग की. मामले में तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि एनजीए सरकार में सिर्फ आरोपों के आधार पर मंत्रियों से इस्तीफे नहीं लिए जाते हैं. यही फैसला मोदी सरकार की अघोषित नीति बन गई. इसके बाद पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, पूर्व एचआर मिनिस्टर स्मृति ईरानी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की गई पर हुए किसी के भी नहीं. हालांकि, पूर्व विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर एक अपवाद हैं. मी-टू के वजह से उनको इस्तीफा देना पड़ गया था.

**तीसरी वजह- संगठन, सरकार संघ में प्रधान की मजबूत पकड़**

धर्मेंद्र प्रधान भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं. वे पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रधान के बेटे हैं. छात्र जीवन से संघ एबीवीपी से जुड़े रहे. प्रधान 1998 से भाजपा में एक्टिव हैं. अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियों को संभाला है. मोदी सरकार की फ्लैगशिप स्कीम प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को जमीन में उतारने उसे सफल बनाने में प्रधान ने अहम जिम्मेदारी निभाई. धर्मेंद्र एक लो-प्रोफाइल गंभीर नेता के रूप में देखा जाता है.

**चौथी वजह- आंदोलन सरकार का राजनीतिक आकलन**

राजनीतिक एक्सपर्ट्स का मानना है कि केंद्र सरकार किसी भी आंदोलन पर फैसला लेने से पहले उसके राजनीतिक प्रभाव, जनसमर्थन का आंकलन करती है. अगर उसे किसी मुद्दे का बड़े स्तर पर असर नहीं दिखता है तो सरकार आमतौर पर तत्काल दबाव में फैसला नहीं लेती है. सरकार पहले ये देखती है कि किसी आंदोलन से जनता में कितनी नाराजगी है. चुनावी रणनीति पर कितना असर पड़ सकता है. उनका कहना है कि अगर किसी आंदोलन का प्रभाव व्यापक हो जाता है तो सरकार पर दबाव पड़ जाता है.

**क्या धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की संभावना है?**

विरोध प्रदर्शनों के बाद धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग फिर चर्चा में है. आंदोलन से जुड़े प्रतिनिधियों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात करके अपनी मांगें रखी, जिनमें धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी शामिल है. इस पर सरकार की ओर से नेतृत्व स्तर पर चर्चा का आश्वासन दिया गया. राजनीतिक एक्सपर्ट्स का मानना है कि सरकार किसी भी निर्णय से पहले संभावित राजनीतिक लाभ-हानि का आकलन करेगी. 2020-21 के किसान आंदोलन का उदाहरण अक्सर दिया जाता है, जब लंबे विरोध के बाद केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस लेने का फैसला किया था.

**सरकार के सामने संभावित विकल्प**

यदि भविष्य में मंत्रिमंडल या संगठन में फेरबदल होता है, तो राजनीतिक जानकारों के अनुसार धर्मेंद्र प्रधान को लेकर कुछ संभावित विकल्प हो सकते हैं-

उन्हें सरकार से संगठन की जिम्मेदारी में भेजा जा सकता है.

**शिक्षा मंत्रालय के स्थान पर किसी अन्य मंत्रालय का दायित्व सौंपा जा सकता है.**


ऐसा पहले भी हो चुका है. 2017 में तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने रेल हादसों के बाद इस्तीफे की पेशकश की थी. हालांकि सरकार ने तत्काल इस्तीफा स्वीकार नहीं किया बाद में मंत्रिमंडल फेरबदल के दौरान उन्हें वाणिज्य मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंप दी गई थी.

# बाइक की जोरदार टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, कई हड्डियां टूटी

## -पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने घटना के करीब तीन सप्ताह बाद बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



जानकारी के अनुसार,नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुरा निवासी नरेन्द्र कुमार ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनका पुत्र गौरव 1 जुलाई 2026 की शाम करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल नंबर यूपी 92 एआर 3921 से कोंच की ओर जा रहा था।शिकायतकर्ता ने बताया कि जैसे ही वह ग्राम जुझारपुरा के पास स्थित सेठ बद्रीप्रसाद महाविद्यालय के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल नंबर यूपी 92 एएन 2036 के चालक पप्पू उर्फ जनवेद पुत्र तुलसीराम, निवासी महेशपुरा, ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गौरव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।घटना के बाद पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। बाद में उसे महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झांसी भेजा गया। चिकित्सकीय जांच में युवक के शरीर में तीन फ्रैक्चर पाए गए, जिनका ऑपरेशन किया जा चुका है। फिलहाल उसका इलाज जारी है और वह चलने-फिरने में असमर्थ बताया गया है। पीड़ित के पिता ने कोतवाली पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# संयुक्त निदेशक ने सीएचसी का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** वुधवार को उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं चिकित्सा निदेशालय लखनऊ से संयुक्त निदेशक डॉ शालू गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्साधिकारी टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होने सीएचसी का घूम-घूमकर निरीक्षण कर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संयुक्त निदेशक ने औचक के निरीक्षण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल को जाना व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। औषधि बितरण कक्ष तथा औषधि भंडार का निरीक्षण कर दवाइयों के स्टाक की हकीकत परखी। उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजो को परेशान नही किया जाए व मरीजो की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखा। अभिलेखों से दवाइयों का मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता, डा विशाल सचान, डा शेख शहरयार,चिकित्साधिकारी डॉ. आदर्श गौतम, डॉक्टर अशोक चक आदि कर्मचारियों से सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों के लिये बार्ड में बैड स्थापित कर चादर,गद्दे, तकिया तथा परिसर की स्वच्छता बनाये रखने पर भी जोर दिया। संयुक्त निदेशक के साथ मिथलेश पाठक तथा टीम के सदस्य मौजूद रहे

# कोतवाली में जल संरक्षण की शपथ, 'कैच द रेन' अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत कोतवाली परिसर में जल संरक्षण को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में आयोजित जल संरक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जल बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे पानी की प्रत्येक बूंद का महत्व समझेंगे, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे और अपने परिवार व समाज को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही केंद्र सरकार के 'जल शक्ति अभियान-कैच द रेन' को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का भी संकल्प लिया।प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी, लगातार गिरते भूजल स्तर और प्राकृतिक जल स्रोतों के घटते दायरे को देखते हुए भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है। इसलिए आज से ही जल संरक्षण के प्रभावी उपाय अपनाना आवश्यक है।उन्होंने आमजन से अपील की कि घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी की बर्बादी रोकें, वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें और जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दें। उन्होने कहा कि यदि समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझकर पानी बचाने का प्रयास करे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल संसाधन उपलब्ध कराए जा सकते हैं।कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार,सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडेय,शुभम परमार, एलआईओ अजय कुमार,राजेश सिंह,शिव नारायण, अशोक कुमार वर्मा,राहुल, अभिषेक भदौरिया,अनूप,महिला सिपाही जान्हवी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जल संरक्षण का यह संदेश पूरे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय रेल में पहले की तरह किराए में छूट दिलाये जाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय रेल में पहले की तरह किराए में रियायत (छूट) की सुविधा पुनः शुरू किए जाने की मांग को लेकर नगरवासियों ने रेल मंत्री को पत्र भेजा है।

नगर निवासी अशफाक राईन, विनय निगम, जावेद, मोहम्मद अनस, आशीष सोनी आदि ने रेल मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय रेल ने वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली किराया रियायत को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। वर्तमान में देशभर में रेल सेवाएं पूरी तरह सामान्य हो चुकी हैं, लेकिन अब तक यह सुविधा बहाल नहीं की गई है। इससें वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि अधिकांश वरिष्ठ नागरिक सीमित आय, पेंशन अथवा परिवार के सहयोग पर निर्भर रहते हैं। उन्हें उपचार, जांच, ऑपरेशन, धार्मिक यात्राओं तथा अपने बच्चों और परिजनों से मिलने के लिए लंबी दूरी की रेल यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में पूरा रेल किराया देना उनके लिए बोझ साबित होता है। उन्होंने रेल मंत्री से मांग करते हुए कहा कि मानवीय संवेदनाओं और जनहित को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल में वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व की भांति रेलवे किराए में रियायत की सुविधा दोबारा लागू की जाए। इससे बुजुर्गों को आर्थिक राहत मिलेगी और सम्मानजनक यात्रा की सुविधा भी प्राप्त होगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया




( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के गोपाल बस्ती स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने खेल, गीत, बौद्धिक सत्र एवं आत्मीय संवाद के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों में सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग सेवा प्रमुख पूरनलाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के ऐसे कार्यक्रम व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मुख्य शिक्षक पुनीत ने विभिन्न गतिविधियों का संचालन कराया और स्वयंसेवकों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के महत्व से अवगत कराया। बस्ती प्रमुख विनय निगम ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन की गतिविधियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। वन विहार कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, समूह गीत तथा बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में संगठन, अनुशासन, पारस्परिक सहयोग और राष्ट्रकार्य के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर सह जिला कार्यवाह शिवराम, नगर संचालक अशोक कौशल, सीताराम, शशांक रेजा, आनंद कुमार आदि रहे।

# मोहल्ला शाहगंज में कीचड़ और जलभराव के कारण हालात बदतर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बारिश के मौसम में मोहल्ला शाहगंज में कच्ची सड़क से निकलना दूभर हो जाता है। लोगों का कहना है कि बरसात में इस मार्ग पर कीचड़ और जलभराव के कारण हालात बदतर हो जाते हैं, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है।

नगर के मोहल्ला शाहगंज में मौलाना खालिद रहमानी के मकान से होकर लगभग 150 मीटर लंबा और करीब 25 फीट चौड़ा कच्चा मार्ग बना हुआ है, जो आगे जाकर औरैया रोड से जुड़ता है। मोहल्ले के अधिकांश लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बरसात के दौरान यहां जलभराव और दलदल जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले के खालिद रहमानी, सलमान, रजा, सादिक, इसराइल आदि ने बताया कि बस्ती के अधिकतर अंदरूनी रास्ते करीब 10 फीट चौड़े हैं, जहां बड़े वाहनों का प्रवेश मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि यह मुख्य मार्ग पक्का बन जाता है तो पूरे मोहल्ले का जुड़ाव चौड़े रास्ते से हो जाएगा। इससे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य बड़े वाहन भी आसानी से बस्ती तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पूर्व में नगर पालिका द्वारा इस मार्ग का निरीक्षण भी कर लिया गया है। जिसमें सडत्रक निर्माण की आवश्यकता बताई गई थी। इसके बाद भी अब तक इस सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने इस रास्ते को पक्का कराने मांग डीएम से की है।

# विपक्षी द्वारा निजी भूमि पर जबरन कब्जा कर कब्रिस्तान बनाने का प्रयास

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । विपक्षी द्वारा निजी भूमि पर जबरन कब्जा कर कब्रिस्तान बनाने का प्रयास करने से मना करने पर विपक्षी ने पीड़ित व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी शहीद शाह ने एसडीएम राकेश कुमार सोनी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी गाटा संख्या 443 ग, 445 ख, 446 ख, 447 क और 449 स्थित भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके पिता रोशन शाह व दादा जुम्मन शाह के नाम दर्ज है। इस भूमि पर प्रार्थी का वैध स्वामित्व और कब्जा है। आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोग मंगलवार की शाम वहां आ गए और उपरोक्त भूमि पर पर जबरन कब्रिस्तान का निर्माण शुरू कर दिया। जब प्रार्थी और उसके भाई ने इसका विरोध किया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने एसडीएम से मांग की है कि मामले की जांच कराकर उनकी निजी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और दबंगई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय दर्दनाक हादसा में ट्रेन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** वुधवार को कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक के समीप एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छौंक निवासी अरविंद श्रीवास की पुत्री अनन्या शाम करीब पांच बजे खेतों से घर लौट रही थी। जोल्हूपुर - छौंक के बीच स्थित रेलवे ट्रैक पार करते समय दोनों लाइनों पर एक साथ ट्रेनें गुजर रही थीं। तेज रफ्तार ट्रेनों के शोर और अफरा-तफरी के बीच किशोरी घबरा गई और ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अनन्या की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# 18 शराब के अवैध क्वार्टर बरामद कर युवक को किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने देशी शराब के अवैध रूप से 18 क्वाटर लेकर जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गोरा करनपुर की पुलिया के पास से मोहित यादव पुत्र मूलचंद निवासी मुहल्ला तिलक नगर कोंच को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मोहित के पास से देशी शराब के 18 क्वाटर बरामद कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार मोहित के आपराधिक इतिहास के बारे में पुलिस ने बताया कि इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, एससीएसटी एक्ट, आबकारी एक्ट, रंगदारी मांगने, घर में घुसकर मारपीट करने जैसे कुल 15 मुकदमे कोतवाली में पहले से दर्ज हैं और यह शातिर अपराधी है।

# ट्रेक्टर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** ट्रेक्टर चोरी के दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिरावटी निवासी राहुल पटेल पुत्र राजकुमार ने बीती 20 जून की रात को नदीगांव रोड कोंच स्थित पेट्रोल पंप से महेंद्रा ट्रेक्टर यूपी 92 एपी 6855 चोरी हो जाने की कोतवाली में अज्ञात चोर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक शुभम सिंह परमार सहित उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, सुमितपांडेय ने पुलिस बल के साथ मिलकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान पंचानन चौराहे के पास से मामले के आरोपी अंकित शर्मा पुत्र रंगबहादुर निवासी ग्राम निगड़ा जिला औरैया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क हादसाः ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, चालक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई /कदौरा।** थाना कदौरा क्षेत्र के ग्राम उदनपुर में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय महेश की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उदनपुर इंटर कॉलेज के सामने उस समय हुआ, जब महेश सड़क पार कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे खड़ा खाद से लदा ट्रक चालक ने अचानक स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया। इसी दौरान महेश ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची कदौरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार नहीं हुआ, बल्कि उसने स्वयं को ग्रामीणों के हवाले कर दिया। चालक का कहना है कि ट्रक पहले से बंद खड़ा था और उसे यह जानकारी नहीं थी कि वाहन के पास कोई व्यक्ति मौजूद है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। महेश अपने पीछे पत्नी राजकुमारी, पुत्र आयुष और पुत्री प्रांशी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत

## मायके पक्ष ने लगाए आरोप

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी-उरई।** तहसील कालपी क्षेत्र के ग्राम सुरहती में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई की। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि ग्राम सुरहती निवासी नवविवाहिता की घर में बीमारी के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने मौत पर संदेह जताते हुए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। मायके पक्ष की आपत्ति के बाद कदौरा थाना पुलिस ने नायब तहसीलदार की उपस्थिति में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि मृतका काफी समय से बीमार थी और उसकी मृत्यु बीमारी के कारण हुई है।

# भाजपा ने उरई-जालौन विधानसभा बूथ सम्मेलन मयूर गार्डन में आयोजित किया

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी ने जनपद की तीनों विधानसभाओं में बूथ सम्मलेन किए उरई विधान सभा का बूथ सम्मलेन मयूर गार्डन उरई में किया गया जिसके मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री संजीव श्रृंग ऋषि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने की मुख्य अतिथि ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए बूथ स्तर के माइक्रोमैनेजमेंट समझाया और सोशल इंजीनियरिंग का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संरचना और कुशल बूथ प्रबंधन ही भाजपा की सुनिश्चित विजय का आधार बनेगा। 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति के केंद्र में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी सक्रियता, निरंतरता और लक्ष्य-केंद्रित कार्यशैली ही प्रत्येक परिणाम को विजय में परिणित करेगी। उन्होंने ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर नियमित बैठक होना चाहिए, बैठक का एजेंडा पूर्व निर्धारित हो और रजिस्टर मेंटेन करना है और अभियानों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करना है। प्रत्येक बूथ पर पार्टी के सभी कार्यक्रम एवं अभियान प्रभावी ढंग से संपन्न हों, इसके लिए बूथ समितियों को सक्रिय बनाना आवश्यक है। प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुसार दायित्व सौंपा जाए। बूथ स्तर पर पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता—सभी को कार्ययोजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ बूथ अध्यक्षों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव भी होना चाहिए। उन्होंने नए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को पार्टी से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। समाज के हर वर्ग के साथ निरंतर संवाद, संपर्क और सेवा कार्यों के माध्यम से बूथ को सशक्त बनाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजबूत बूथ ही भाजपा की चुनावी सफलता का मूल आधार है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित करें। भाजपा का कार्यकर्ता परिश्रम का पर्याय है और अपने समर्पण से किसी भी परिणाम को अनुकूल बना सकता है। कालपी विधान सभा का बूथ सम्मलेन नारायण गार्डन जोल्हूपुर पर किया गया भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा आज का बूथ अध्यक्ष भविष्य में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष या राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है—और यह अवसर केवल भाजपा में ही संभव है माधोगण विधानसभा अभिलाषा पैलेस पड़री कोच में किया गया विधायक मूलचंद्र निरंजन ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ को आदर्श बूथ बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के बल पर भारतीय जनता पार्टी 2027 में पुन: प्रचंड जनादेश प्राप्त करेगी मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री प्रशांत द्विवेदी विवेक कुशवाहा पुष्पेंद्र सेगर जिला उपाध्यक्ष विनोद अहिरवार रेखा वर्मा धीरज बाथम मनोज यादव एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिवार को स्नातक मतदाता बनाने का संकल्प लेकर चल रहे हैं : कुश श्रीवास्तव



## - जिला कचहरी में अधिवक्ताओं की बैठक, स्नातक मतदाता पंजीकरण अभियान को गति देने का आह्वान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन।** प्रयागराज-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में चल रहे स्नातक मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को जिला कचहरी में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभियान संयोजक कुश श्रीवास्तव ने अधिवक्ता समुदाय से अधिक से अधिक संख्या में स्नातक मतदाता बनने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से शिक्षक, अधिवक्ता एवं अन्य स्नातक वर्ग के बीच लगातार जनसंपर्क कर उन्हें स्नातक मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उनका संकल्प है कि प्रत्येक अधिवक्ता परिवार स्नातक मतदाता बने, ताकि शिक्षित समाज की भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में और मजबूत हो सके। कुश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2020 के स्नातक निर्वाचन में करीब 1,200 अधिवक्ता ही स्नातक मतदाता के रूप में पंजीकृत थे, जबकि इस बार उच्च न्यायालय, जिला न्यायालयों और तहसीलों में चलाए गए विशेष अभियान के माध्यम से 25 हजार से अधिक अधिवक्ताओं का स्नातक मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया गया है। उन्होंने इसे शिक्षित समाज की लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में प्रयागराज, झांसी, जालौन, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर, कौशाम्बी और फतेहपुर सहित दस जिले शामिल हैं। इन सभी जनपदों में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में 200 से अधिक अधिवक्ताओं ने भाग लिया और स्नातक समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल ने कुश श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए उनके अभियान की सराहना की। बैठक में बार अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल, उपाध्यक्ष कर्मक्षेत्र अवस्थी, महासचिव साधना त्रिपाठी, उदय नारायण श्रीवास्तव, अनुराधा, भूपेंद्र कुमार, लोकेश कुशवाहा, विभूति विक्रम वासिक, ब्रजेश सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जहरीले सर्प दंश से किशोर की मौत पर नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम पथरेटा में जहरीले सर्प के डसने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कराई तथा मृतक के आश्रितों को शासन की ओर से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पथरेटा निवासी दीनदयाल का 16 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र रात अपने घर में था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजन पहले स्थानीय स्तर पर उपचार कराते रहे, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कदौरा ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला एवं क्षेत्रीय लेखपाल श्याम जी चंदेल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली और आवश्यक राजस्व एवं विधिक कार्रवाई पूरी की।नायब तहसीलदार चंद्रमोहन शुक्ला ने बताया कि मृतक के पिता के नाम लगभग दो बीघा कृषि भूमि है। भूपेंद्र परिवार का इकलौता पुत्र था, जबकि उसकी दो बहनें हैं। उन्होंने बताया कि शासन की आपदा राहत योजना के तहत मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में फर्जी नाम शामिल करने का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की जांच की मांग

## कदौरा विकास खंड के ग्राम चमारी का मामला

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम चमारी निवासी नेहा, सरमबाई, गोमती, सुनीता, शिववती, नीतू, पूनम, विनीता, भूरी आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी सूची में कथित रूप से अपात्र एवं फर्जी नाम शामिल किए जाने की शिकायत की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आवेदन पत्रों एवं सूची की जांच कर पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाया जाए तथा फर्जी नाम दर्ज कराने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची तैयार करते समय पात्र परिवारों के नाम छोड़ दिए गए, जबकि कुछ ऐसे लोगों के नाम भी सूची में शामिल कर दिए गए हैं, जो पहले से पक्के मकान, चार पहिया वाहन, दोपहिया वाहन अथवा भूमि के मालिक हैं और कुछ सरकारी नौकरी भी करते हैं। शिकायत में कहा गया कि ग्राम पंचायत की पूर्व सूची में शामिल कई नामों को कथित रूप से फर्जी तरीके से तैयार कर आवास सूची में भेजा गया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्रामवासियों द्वारा दिए गए सभी आवेदन पत्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में अपात्र पाए जाने वाले लोगों के नाम सूची से हटाए जाएं और पात्र गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने कथित रूप से फर्जी नाम सूची में शामिल कराने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, ऐसे में अपात्र लोगों को लाभ मिलने से वास्तविक पात्र परिवार सरकारी योजना से वंचित हो रहे हैं।

# शादी कराने को लेकर विवाद, विरोध करने पर युवक से मारपीट

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम जलालपुर चिरगुवां में शादी कराने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में ग्राम जलालपुर चिरगुवां निवासी वादी कुंती कुमार पुत्र समर सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 20 जुलाई 2026 को शाम करीब 8 बजे गांव के ही आरोपियों लालू तथा शिव पुत्र लाल शादी कराने की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों लालू ने उसे पकड़ लिया तथा लाठी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।शोर सुनकर बचाने पहुंची उसकी पत्नी हेमलता के साथ भी आरोपितों ने अभद्रता की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना चुर्खी पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खाद की किल्लत और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** किसानों की समस्यायों के साथ ही स्मार्ट मीटर के विरोध कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर व शहर अध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट किया।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खरीफ की फसल का सीजन शुरू होने के साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की आवश्यकता बढ़ गई है। खाद की दुकानों पर किसानों की लंबी कतारें लगने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार से किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने तथा खाद की किल्लत को तत्काल दूर करने की मांग की। साथ ही बिजली विभाग द्वारा घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर भी विरोध जताया गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कई स्थानों पर स्मार्ट मीटर तेज गति से चलने और बिजली के बिल अधिक आने की शिकायतें सामने आ रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों को हटाकर उनके स्थान पर सामान्य मीटर लगाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से बढ़े हुए बिजली बिलों से राहत मिल सके।इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अखिलेश चौधरी,कमल दोहरे, शहर उपाध्यक्ष जमुनादास अहिरवार, डा. रेहान सिद्दीकी, चौधरी श्याम सुन्दर, अशोक द्विवेदी, अयूब अंसारी, सीताराम वर्मा, राजेश प्रजापति, सिद्धार्थ दिबौलिया, राजा भैया दोहरे, हरिश्चंद्र हौसला, नफीस पठान, कमाल उद्दीन, आदित्य मिश्रा, आशीष बुंदेला, देवेन्द्र बाल्मीकि, अमित दीक्षित सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# फौजी की दुकान और प्लॉट पर दबंगों द्वारा कब्जे के प्रयास का आरोप, सैनिक ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय थल सेना में सेवारत एक जवान ने अपनी खरीदी हुई दुकान एवं प्लॉट पर दबंगों द्वारा कब्जा करने के प्रयास, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी जालौन को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

शिकायतकर्ता सूर्यकांत मिश्रा पुत्र आदर्श कुमार मिश्रा, निवासी ग्राम जगम्मनपुर, थाना रामपुरा, वर्तमान में भारतीय सेना में सैनिक के पद पर कार्यरत हैं और उनकी तैनाती जैसलमेर (राजस्थान) में है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने ग्राम जगम्मनपुर में संध्या पुत्री श्याम बाबू से एक दुकान एवं प्लॉट विधिवत खरीदा था। खरीद-फरोख्त के समय विक्रेता के पास संपत्ति से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध थे तथा खरीद के बाद उन्होंने संपत्ति पर अपना कब्जा भी प्राप्त कर लिया था। इसके बाद वह अपनी ड्यूटी पर वापस चले गए। जवान का आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर पड़ोस में स्थित दुकान एवं प्लॉट के स्वामी राजकुमार पुत्र बैजनाथ तथा सुनील कुमार पुत्र राजबहादुर उनकी भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर वह छुट्टी लेकर गांव पहुंचे तो दोनों लोगों ने कथित रूप से अतिक्रमण का प्रयास जारी रखा। विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, उन्हें झूठे मुकदमों, जिनमें महिला संबंधी गंभीर धाराएं भी शामिल हैं, में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि गांव का पप्पू नामक एक व्यक्ति आरोपितों से आर्थिक लाभान्वित होकर उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई से बचाने का भरोसा व संरक्षण देकर विवाद को हवा दे रहा है।पीड़ित सैनिक ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उसकी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा रोका जाए, उसे सुरक्षा प्रदान की जाए तथा आरोपित व्यक्तियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी माधौगढ़ को जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# भू-जल सप्ताह पर जल संरक्षण की दिलाई शपथ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** भू-जल सप्ताह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन ने पुलिस कार्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन' को जन-जन तक पहुंचाने तथा जल की प्रत्येक बूंद के संरक्षण का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को वर्षा जल संचयन एवं जल के सदुपयोग के प्रति जागरूक होकर भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

# राज्य महिला आयोग की की सदस्य अनुपमा लोधी 25 को 11:30 बजे विकास भवन में महिला जनसुनवाई करेंगी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजीव राज ने बताया कि मा0 सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी जी की अध्यक्षता में दिनांक 25.07.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समीक्षा बैठक/महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे मा0 सदस्य महोदया द्वारा महिला उत्पीड़न सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा/महिला जन सुनवाई करेगी।

# दर्दनाक सड़क हादसे में पूर्व प्रधान के भाई की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कदौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले उदनपुर इंटर कॉलेज के सामने दर्दनाक सड़क हादसे में पूर्व प्रधान के भाई महेश (56) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महेश सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 को उद्योग बंधु बैठक

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी जालौन की अध्यक्षता में 24 जुलाई 2026 को अपरान्ह 1:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई सभागार (विकास भवन), उरई में आहूत की जानी है।अत: उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं, (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसे अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं सम्बन्धित सभी अधिकारीगण विगत बैंठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें ।

# भारी मात्रा में अवैध गांजे के साथ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुरा थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1209.4 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रामपुरा थाना पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान 21 जुलाई 2026 को पुलिस ने सुनील अवस्थी पुत्र सत्यानारायण अवस्थी, उम्र करीब 60 वर्ष, निवासी मोहल्ला पुरोहितान, कस्बा जगम्मनपुर, थाना रामपुरा, जनपद जालौन को 1209.4 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामपुरा में मुकदमा अपराध संख्या 56/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामपुरा मय पुलिस टीम शामिल रही।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जालौन दौरे की तैयारियां तेज

## 1200 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर जालौन आएंगे। उरई स्थित इंदिरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री करीब 1200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को झांसी मंडल के आयुक्त विमल दुबे तथा पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आकाश कुलहरि ने इंदिरा स्टेडियम सहित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंच, जनसभा स्थल, पार्किंग, वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं सहित सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह को तैयारियों की लगातार निगरानी रखने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक डायवर्जन, प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के इस दौरे को जिले के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। करीब 1200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास से सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# मुख्य सड़क पर सीसी रोड न होने से हो जाता दो फुट तक जलभराव



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मोहल्ले से मुख्य सड़क पर सीसी रोड न होने से जलभराव हो जाता है। बारिश में गली में दो फीट तक पानी भर जाता है। जिसके चलते मोहल्ले के लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल में फायर स्टेशन वाली मुख्य सड़क चुर्खी रोड को जोड़ती है। फायर स्टेशन से आगे धर्मेंद्र सिंह व दीपू सिंह के मकान तक लगभग 200 मीटर कच्चा रास्ता है। बारिश में यह रास्ता लगभग बंद सा ही हो जाता है। अधिक पानी बरसने पर इस रास्ते में लगभग दो फीट तक पानी भर जाता है। जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चे भी बाहर खेलने के लिए नहीं जा पाते हैं। इसके अलावा जहरीले कीड़ों का भी खतरा बना रहता है। बारिश के बाद भी मुश्किलें कम नहीं होती हैं। जब पानी उतर जाता है तो रास्ते में कीचड़ और मलबा ही नजर आता है। मोहल्ले के रवि, धर्मेंद्र, बुद्ध सिंह, सोबरन सिंह, पंकज, दीपू, प्रकाश बुधौलिया, रिंकू आदि ने बताया कि इस रास्ते को बनवाने के लिए वह कई बार मांग कर चुके हैं। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। हर बारिश में यही स्थिति रहती है। हर साल मोहल्ले के लोगों को बारिश के मौसम में परेशान होना पड़ता है। फिर भी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# भेड़ की माहिला का शव गुजरात मे फांसी पर लटका मिला, मायके पक्ष लगा रहे हैं हत्या के आरोप

( यंग भारत न्यूज )

- गुजरात राज्य में संदिग्ध परिस्थितियो महिला का शव फंदे पर लटका मिला
- अंतिम संस्कार के लिए ग्राम भेंड में लाया गया शव,मायके पक्ष ने काटा हंगामा

**कोंच** गुजरात प्रांत में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिलने के बाद मामला तूल पकड़ गया। वहां पोस्टमार्टम के बाद शव जब कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ लाया गया तो अंतिम संस्कार से पहले मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा करते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। साथ ही कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना माधौगढ़ क्षेत्र के ग्राम मिझोना निवासी मुन्नालाल ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री संतोषी का विवाह करीब सवा दो साल पूर्व कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ निवासी अजय कुशवाहा के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे और इसी बात को लेकर संतोषी का उत्पीड़न किया जाता था। परिजनों के अनुसार, एक-दो माह पहले संतोषी अपने पति अजय, ससुर प्रेम सिंह और सास रेखा देवी के साथ गुजरात के आनंद जिले में रोजगार के सिलसिले में रहने चली गई थी। आरोप है कि 19 जुलाई को ससुराल पक्ष ने संतोषी की हत्या कर उसके शव को फंदे पर लटका दिया। देर शाम घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग गुजरात पहुंचे, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव जब ग्राम भेड़ लाया गया तो अंतिम संस्कार से पहले मायके पक्ष के लोगों ने विरोध जताते हुए हत्या का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में किसी तरह समझा बुझाकर अंतिम संस्कार कराया गया। क्या कहा कोतवाल नेकोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में मायके पक्ष की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। गुजरात की घटना बताई गई है। गुजरात पुलिस को भी शिकायत दी गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया था अंतिम संस्कार हो गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# माधौगढ़ में बेखौफ पेट्रोल पंप संचालक उड़ा रहे शासनादेश की धज्जियां, बोतलों में बेचा जा रहा पेट्रोल



( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )।** नगर में स्थित पेट्रोल पंपों पर शासन और प्रशासन के सख्त निर्देशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर पेट्रोल पंप संचालक बोतल और खुले केन में बेझिझक पेट्रोल बेच रहे हैं। इसके साथ ही बिना हेलमेट आए वाहन चालकों को भी धड़ल्ले से ईंधन दिया जा रहा है। अधिकारियों के कड़े आदेशों के बावजूद पंप चालकों की यह मनमानी किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। आदेश के अनुसार, किसी भी पेट्रोल पंप पर खुले में अथवा प्लास्टिक की बोतल में पेट्रोल बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' का नियम लागू किया गया था, ताकि दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। हालांकि, माधौगढ़ नगर के पेट्रोल पंपों पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। चंद पैसों के फायदे के लिए पंप कर्मचारी नियमों की धज्जियां उड़ाने में जुटे हैं। बोतलों और प्लास्टिक के डिब्बों में भरा ज्वलनशील पेट्रोल हादसों को सीधा न्योता दे रहा है। ऐसे में किसी असामाजिक तत्व द्वारा इस तेल का गलत इस्तेमाल करने या अचानक आग लगने से बड़ी अनहोनी होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि प्रशासन के आदेश केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं और धरातल पर इनकी कोई जांच नहीं हो रही है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि माधौगढ़ के पेट्रोल पंपों की त्वरित जांच की जाए और नियम तोड़ने वाले संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके।

# भाकपा माले किसान महासंघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** अखिल भारतीय किसान महासंघ के नेता का. रामसिंह चौधरी, का.राजीव कुशवाहा ने अपने संगठन के साथियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में किसानों के हित में तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग की गई।

किसान महासंघ ने मांग की कि दिल्ली में किसानों के मुद्दों पर चल रहे आंदोलन और किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाए। साथ ही गौरा खेड़ी में चकता व्यापार समाप्त करने, किसानों के लिए उचित व्यवस्था किए जाने तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने की मांग उठाई गई ।ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, फसलों का उचित मूल्य दिलाने, सिंचाई एवं बिजली की समस्याओं का समाधान कराने सहित अन्य मांगें भी प्रमुखता से उठाई गईं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# पटरी व्यापारियों के लाइसेंस नवीनीकरण की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** वुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के पटरी व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य को नगर पालिका परिषद कालपी में अधिशासी अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पटरी व्यापारियों के शुल्क जमा कर लंम्बित लाइसेंसों का शीघ्र नवीनीकरण कराने की मांग की गई।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष नमन अग्रवाल ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा पटरी व्यापारियों से प्रतिवर्ष 125 रुपये का लाइसेंस शुल्क लिया जाता है, लेकिन काफी समय से लाइसेंसों का नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है। इससे छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने बताया कि जब व्यापारी लाइसेंस नवीनीकरण की जानकारी लेने नगर पालिका पहुंचे तो संबंधित राजस्व निरीक्षक ( आरआई ) ने लाइसेंस न बनने की बात कहते हैं ।इस पर व्यापारियों में रोष व्याप्त है ।व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि सभी पात्र पटरी व्यापारियों के लाइसेंस तत्काल नवीनीकृत किए जाएं तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए ।ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष नमन अग्रवाल, श्रवण कुमार गुप्ता, सुनील पाटकर, आशीष गुप्ता, सौरभ सैनी, चंदन पटवा, अमर, समीर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# माधौगढ़ में गैस एजेंसी पर अनियमितता: सुविधा शुल्क लेकर बांटे जा रहे सिलेंडर उपभोक्ताओं में भारी रोष



( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन ):** तहसील क्षेत्र के उपभोक्ता स्थानीय गैस एजेंसी की अव्यवस्थाओं और कर्मियों की मनमानी से बेहद परेशान हैं। स्थिति यह है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी आम नागरिकों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जबकि सुविधा शुल्क देने वालों को बिना लाइन में लगे तुरंत गैस सिलेंडर मुहैया कराए जा रहे हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी पर तैनात दीपक नामक कर्मी खुलेआम पक्षपात कर रहा है। आरोप है कि जो लोग अनैतिक रूप से 'सुविधा शुल्क' देते हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर दे दिया जाता है। दूसरी ओर, भीषण गर्मी और धूप में घंटों कतार में खड़े आम उपभोक्ताओं को तरह-तरह के बहाने बनाकर टरका दिया जाता है। इस कृत्य से क्षेत्र के गरीब, बुजुर्ग और मेहनतकश लोगों को भारी मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि एजेंसी की इस मनमानी और भ्रष्टाचार की जानकारी होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन मौन क्यों है क्या जिम्मेदार अधिकारियों को आम जनता की समस्याएं दिखाई नहीं दे रही हैं प्रशासन की इस शिथिलता के कारण गैस एजेंसी कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। परेशान उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि एजेंसी की कार्यशैली में तत्काल सुधार नहीं किया गया और आरोपी कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। क्षेत्र के उपभोक्ता जल्द ही गैस एजेंसी व तहसील मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी गैस एजेंसी संचालक और स्थानीय प्रशासन की होगी।

# एसपी के आदेश पर प्राणघातक हमला करने पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लमसर में घर के बाहर लेटे एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से कथित हमला किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली कालपी में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर उ है।

पीड़िता वादिनी मीरा देवी पत्नी राम विशाल निवासी ग्राम लमसर ने मुकदमा दर्ज करते हुए अवगत कराया है कि 18 जुलाई 2026 की रात करीब आठ बजे उनके पति राम विशाल घर के बाहर लेटे हुए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आरोपियों जितेंद्र, राहुल तथा यश वहां पहुंचे और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अपनी छत से पत्थर फेंकने शुरू कर दिए, जिससे राम विशाल के सिर और आंख में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद तीनों आरोपियों ने एक राय होकर राम विशाल के साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से हमला किया। पीड़िता का कहना है कि यदि वह समय रहते मौके पर नहीं पहुंचतीं तो आरोपी उनके पति की हत्या कर सकते थे ।इस मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली कालपी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# शराब के नशे में घर में घुसकर महिला पर हमला करने पर मुकदमा दर्ज


( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लमसर में शराब के नशे में कथित रूप से गलत नियत से घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुते वादिनी मीरा देवी पत्नी जितेंद्र कुमार खड़क सिंह मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि घटना के समय उनके पति खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान गांव के रहने वाले आरोपियों श्रीराम विशाल एवं बजरंग विशाल शराब के नशे में उनके घर में घुस आए। महिला के विरोध करने पर दोनों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। जब पीड़िता की सास ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट की। सूचना मिलने पर खेत से लौटे पति ने पत्नी को घायल अवस्था में देखा और तत्काल कोतवाली कालपी पहुंचाकर पुलिस की मौजूदगी में चिकित्सीय परीक्षण कराया। कोतवाली कालपी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# धारदार छुरी के साथ गिरफ्तार युवक पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश पर स्थानीय नगर में अपराध एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कालपी पुलिस ने एक युवक को अवैध देसी छुरी के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कर जेल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक मोहल्ला रावगंज स्थित सरकारी विद्यालय से रेलवे लाइन की ओर अवैध छुरी लेकर जा रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदौरिया एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। विद्यालय रावगंज के निकट कच्चे रास्ते पर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। आरोपी जगपाल पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम जमरेही, थाना कदौरा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देसी छुरी बरामद हुई। पुलिस ने छुरी को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# पति की हत्याकर शव बोरे में भरकर फेंका, बेटी की गवाही से मां, प्रेमी और उसके भाई को उम्रकैद

**( यंग भारत न्यूज )**

पिता की हत्या में बेटी की गवाही ने मां और उसके प्रेमी समेत तीन लोगों को जिंदगी भर के लिए जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। ताजगंज क्षेत्र में वर्ष 2021 में फैक्ट्री संचालक नरेश कुमार की हत्या कर शव को बोरे में बांधकर खाली प्लॉट में फेंका गया था।इस चर्चित मामले में पांच साल बाद अदालत ने फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट शिव कुमार ने मृतक की पत्नी प्रेमिता उर्फ प्रमिता निवासी सिद्धार्थ नगर गोबर चौकी, उसके प्रेमी रविकांत राजपूत और उसके भाई शशिकांत राजपूत निवासी नगला केवल, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा कुल दो लाख 80 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।



अभियोजन की ओर से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी मृत्युंजय सिंह और एडीजीसी विजय वर्मा ने वादी, विवेचक सहित दस गवाहों और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध किए। उन्होंने अदालत से अपराध की गंभीरता को देखते हुए कठोर दंड देने की मांग की। वादी सुरेश चंद निवासी सिद्धार्थ नगर ने ताजगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि आठ जून 2021 की सुबह उन्हें फोन पर बेटे नरेश कुमार की हत्या की सूचना मिली। वह परिजनों के साथ नगला कली स्थित पुष्पांजलि होम्स पहुंचे तो घर के पीछे खाली प्लॉट में बेटे का शव बोरे से बंधा मिला। उन्होंने शुरुआत से ही बहू प्रेमिता पर शक जताया था। नरेश जूते का कारखाना चलाते थे। पुलिस विवेचना में प्रेमिता के प्रेमी रविकांत राजपूत और उसके भाई शशिकांत राजपूत की भूमिका सामने आई। जांच के दौरान तीनों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं के साथ एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। घटनास्थल से बरामद खून से सनी ईंट और शराब की बोतल (अद्धा) को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। महिला के मोबाइल की कॉल डिटेल और सीडीआर से प्रेमी के साथ लगातार संपर्क के प्रमाण मिले। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच में सामने आया कि महिला और उसका प्रेमी एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता थे। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं, जिसका नरेश विरोध करता था। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि आरोपियों को सजा दिलाने में मृतक की 14 वर्षीय पुत्री की गवाही निर्णायक साबित हुई। घटना के समय उसकी उम्र करीब दस वर्ष थी। उसने अदालत को बताया कि उसकी मां ने तीनों भाई-बहनों को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी थी। उन्हें कोल्ड ड्रिंक दी गई और टीवी की आवाज तेज कर दी गई थी। रात करीब तीन बजे दरवाजा खुलवाने पर पहले मां ने दरवाजा नहीं खोला। बाद में दरवाजा खुला तो कमरे के बेड पर खून के धब्बे थे और मां ने रात में स्नान भी किया था। अभियोजन ने वादी सुरेश चंद, मृतक के भाई सोनू, डॉ. रविंद्र कुमार सिंह, पुलिसकर्मी श्याम सुंदर, विवेचक शैलेंद्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक केवल सिंह, तत्कालीन क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिंह, निरीक्षक उमेश चंद त्रिपाठी तथा मृतक की पुत्री सहित दस गवाहों को अदालत में पेश किया।

विवेचना के दौरान पुलिस को कमरे की दीवारों और फर्श पर खून के धब्बे मिले। कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। घटनास्थल पर शव के पास खून से सनी ईंट और शराब की बोतल मिली थी। शव से करीब 100 मीटर दूर एक बोरा भी बरामद हुआ, जिसमें बेडशीट, तकिया, दस्ताने और खून से सने कपड़े मिले थे। इन सभी साक्ष्यों ने हत्या की गुत्थी सुलझाने और अदालत में आरोप सिद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मैं बेटे को ठीक कर दूंगा', इतना सुनते ही महिला ने उतार दिए. फिर खुला तांत्रिक का बड़ा खेल

**( यंग भारत न्यूज )**

गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में अंधविश्वास का सहारा लेकर महिला से सोने-चांदी के आभूषण हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को झाड़-फूंक और तांत्रिक विद्या से बीमारी ठीक करने वाला बताकर महिला का विश्वास जीता और फिर इलाज के नाम पर उसके कीमती गहने अपने कब्जे में ले लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, पीड़िता का बेटा लंबे समय से बीमार था। इसी दौरान करीब एक माह पहले आरोपी विजय गौड़ ने महिला से संपर्क किया और दावा किया कि वह तांत्रिक विधि और झाड़-फूंक से उसके बेटे की बीमारी दूर कर सकता है। परेशान महिला उसकी बातों में आ गई और उस पर भरोसा कर लिया। आरोप है कि कथित तांत्रिक ने पूजा-पाठ और झाड़-फूंक की प्रक्रिया के दौरान महिला से उसके सोने-चांदी के आभूषण ले लिए। बाद में जब महिला ने अपने गहने वापस मांगे तो आरोपी ने उन्हें लौटाने से इनकार कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर महिला ने पीपीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीपीगंज पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी विजय गौड़, निवासी गंगी बाजार भवानीपुर, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज को हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में यदि अन्य तथ्य सामने आते हैं तो उन्हें भी विवेचना में शामिल किया जाएगा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बीमारी या पारिवारिक समस्या के समाधान के नाम पर झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र या अंधविश्वास फैलाने वाले लोगों के झांसे में न आएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या धोखाधड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# यूपी में छात्राओं को मिल रही फ्री में स्कूटी, जानिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के नियम और पूरी प्रक्रिया

**( यंग भारत न्यूज )**

उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्राओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना शुरू करने की घोषणा की है.इस योजना की स्वीकृति सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मिल गई है. इस योजना के तहत पात्र छात्राओं को मुफ्त स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे बिना किसी परिवहन बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें. सरकार का मानना है कि इस पहल से बेटियों की शिक्षा को नई गति मिलेगी और उन्हें कॉलेज तथा अन्य शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में आसानी होगी. योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं को भी शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है.




योजना का लाभ उन पात्र छात्राओं को मिलेगा, जो उत्तर प्रदेश की निवासी हैं और सरकार द्वारा तय किए गए पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं. पात्रता, आय सीमा, शैक्षणिक योग्यता और अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी सरकार की आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद उपलब्ध होगी. योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित पोर्टल या संबंधित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से शुरू की जाएगी. आवेदन के समय छात्राओं को आवश्यक दस्तावेज, जैसे निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे. छात्राओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करना, बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं को सहायता देना. सरकार की ओर से योजना से जुड़ी विस्तृत गाइडलाइन और आवेदन की तिथि जल्द जारी किए जाने की उम्मीद है, इसके बाद पात्र छात्राएं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकेंगी.

# बंदूक दिखाकर लड़की से की हैवानियत! पहले डराया-धमकाया, जब नहीं मानी तो बन गया दरिंदा; अब मामले पर आया अहम फैसला

**( यंग भारत न्यूज )**



अमरोहा में एक बाल अपचारी ने 16 साल की लड़की के साथ बंदूक की नोक पर दुष्कर्म किया. इसके अलावा उसे जान से मारने की धमकी भी दी. अब इस मामले में आरोपी को 20 साल की कैद और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है.दोषी को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेजा गया है. इस घटना ने लोगों को दहला दिया था.आपको बता दें ये पूरी घटना अमरोहा जिले के सैदनगली थानाक्षेत्र के एक गांव का है. वहां पर 30 जून 2023 को एक किसान और उसकी पत्नी अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने के लिए गए हुए थे. इस वक्त उनकी 16 साल की बेटी घर पर अकेली थी. इसका फायदा उठाते हुए गांव का ही रहने वाला बाल अपचारी घर में घुस गया. इसके बाद उसने नाबालिग लड़की को बंदूक दिखाकर पहले डराया-धमकाया, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया. इतना ही नहीं, उसने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी. घटना के बाद जब पीड़िता के माता-पिता घर पहुंचे, तो वह ये दरिंदगी सुन हैरान रह गए. इसके बाद उन्होंने उस बाल अपराधी के खिलाफ पुलिस के शिकायत दर्ज कराई. जिसके तहत आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया था. हालांकि, बाद में वह जमानत पर छूट गया था. लेकिन उसके ऊपर पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में कार्रवाई चल रही थी. पीड़िता के तरफ से केस लड़ रहे वकील ने बताया कि बीते मंगलवार यानी 21 जुलाई को अदालत ने बाल अपचारी को दोषी मानते हुए 20 साल की कैद सुनाई और 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया .

# कौन है बंगाल की 'रिवॉल्वर रानी' पूजा बिस्वास? झोले में निकलीं 6 पिस्तौल, 200 कारतूस




पश्चिम बंगाल में हथियारों की तस्करी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। राज्य की सीआईडी और स्थानीय पुलिस ने एक महिला को हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है, जिसे अब बंगाल की 'रिवॉल्वर रानी' कहा जा रहा है। देखने में किसी भी आम यात्री जैसी लगने वाली इस महिला के जूट के झोले से पुलिस ने कई पिस्टल और सैकड़ों कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले के तार बिहार के मुंगेर से लेकर बांग्लादेश तक जुड़े होने की बात सामने आ रही है। रविवार की सुबह नैहाटी-अशोकनगर रोड पर यह महिला आम यात्रियों की भीड़ में चल रही थी। सूती सलवार सूट पहने और सिर पर दुपट्टा रखे इस महिला के एक हाथ में जूट का झोला था और दूसरा झोला कंधे पर टंगा था। किसी को उस पर शक नहीं था, लेकिन सीआईडी और पुलिस की टीम गुपचुप तरीके से उसकी हर हरकत पर नजर रखे हुए थी। महिला एक स्थानीय 'मैजिक' वैन में सवार हुई। जैसे ही वैन उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर इलाके में जंक्शन नंबर 8 के पास पहुंची, पुलिस ने उसे रोक लिया और यहीं से महिला का असली चेहरा सबके सामने आ गया। जब पुलिस ने महिला के साधारण से दिखने वाले जूट के झोलों की तलाशी ली, तो उसमें हथियारों की एक बड़ी खेप बरामद हुई। पुलिस ने झोले से बरामद किया- पुलिस की गिरफ्त में आई इस महिला का नाम पूजा बिस्वास है। वह हाबड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 12 की रहने वाली है। पुलिस के मुताबिक, पूजा हथियारों की तस्करी में कोई नई नहीं है, बल्कि वह बड़े सिंडिकेट्स के लिए एक भरोसेमंद 'कैरियर' यानी हथियार पहुंचाने वाली के तौर पर काम करती है।पहले पति से तलाक और बेटी की शादी के बाद, पूजा पिछले करीब 5 सालों से इस अवैध धंधे में जुड़ी हुई है। साल 2023 में भी दत्तपुकुर पुलिस ने उसे एक यात्री बस से लगभग ऐसे ही हालात में गिरफ्तार किया था। जेल से छूटने के बाद वह तुरंत फिर से हथियारों की तस्करी में लग गई। सीआईडी प्रमुख नटराजन रमेश बाबू के मुताबिक, पुलिस को चकमा देने और शक से बचने के लिए तस्कर हमेशा महिला 'कैरियर' का इस्तेमाल करते हैं। शुरुआती पूछताछ में इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के बॉर्डर पार (बांग्लादेश) से भी जुड़े होने के संकेत मिले हैं। जांच में पता चला है कि ये हथियार बिहार के मुंगेर से लाए गए थे और इनका कनेक्शन जमालपुर ऑर्डनेंस फैक्ट्री से हो सकता है। माना जा रहा है कि इन हथियारों को सड़क के रास्ते पश्चिम बंगाल लाया जाता था और फिर बनगांव जैसे सीमावर्ती इलाकों से होते हुए बांग्लादेश तस्करी के लिए भेजा जाता था। पूजा के पास से जमालपुर का एक ट्रेन टिकट भी मिला है, जिसने बिहार कनेक्शन को और पुख्ता कर दिया है। सीआईडी अब बैच नंबर ट्रेस करने के लिए बिहार पुलिस और फैक्ट्री अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। जांच में यह बात भी सामने आई है कि पूजा अपने मौजूदा पति नीलरतन के साथ मिलकर यह काम कर रही थी। नीलरतन गोपालनगर थाना क्षेत्र में रहता है और वहां कपड़ों का कारोबार करता है। पुलिस का मानना है कि कपड़ों का यह कारोबार सिर्फ एक दिखावा है, जिसकी आड़ में अवैध हथियारों का व्यापार किया जा रहा था। फिलहाल नीलरतन फरार है और पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही है। माना जा रहा है कि उसकी गिरफ्तारी से अवैध हथियारों के खरीदारों का सुराग मिल सकता है। चुनावों के बाद के संवेदनशील माहौल के बीच हथियारों की इस बड़ी खेप के पकड़े जाने के बाद राज्य सीआईडी ने एक डीआईजी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। एसआईटी इस बात की भी जांच कर रही है कि इन हथियारों का असली ठिकाना क्या था और क्या इनका इस्तेमाल सीमावर्ती जिलों में संगठित अपराध या राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देने के लिए किया जाना था। इस बीच, सोशल मीडिया पर भी इस गिरफ्तारी की काफी चर्चा हो रही है। स्थानीय भाजपा नेता राकेश सिंह ने एक्स पर 'रिवॉल्वर रानी' की गिरफ्तारी की सराहना करते हुए इसे 'बंगाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई' बताया है। फिलहाल पूजा बिस्वास पुलिस हिरासत में है और एसआईटी की जांच का दायरा उत्तर 24 परगना से लेकर अंतरराज्यीय सीमाओं तक फैल गया है।

# राम मंदिर ट्रस्ट का सीईओ बनने के लिए देश भर से आए 5500 से ज्यादा आवेदन, कई रिटायर्ड आईएएस और आईपीएस भी दावेदार



**( यंग भारत न्यूज )**

**अयोध्या:** हिंदी-अंग्रेजी लिखने और बोलने में अच्छी पकड़, भारतीय नागरिकता, प्रशासनिक और प्रबंधन का पर्याप्त अनुभव, ये कुछ ऐसी खूबियां हैं जो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपने अगले सीईओ में ढूंढ रहा है। नियुक्ति की घोषणा 15 अगस्त के आसपास होने की संभावना है। तीन सदस्यों वाली सिलेक्शन कमेटी देश भर से मिले 5500 से ज्यादा आवेदनों की जांच कर रही है।

इस बीच, उम्मीद है कि बुधवार को ट्रस्ट में 15 ट्रस्टियों की पूरी मंजूर संख्या फिर से पूरी हो जाएगी। तीन खाली पद भरे जाने की संभावना है। ये खाली पद अयोध्या के पूर्व राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा की मृत्यु, पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे के बाद खाली हुए थे। सिलेक्शन कमेटी के एक सदस्य ने बताया कि सीईओ नियुक्ति प्रक्रिया में लगभग चार सप्ताह लगने की उम्मीद है। अगस्त मध्य तक नाम का ऐलान हो जाएगा। चयन प्रक्रिया अभी जांच के चरण में है। पैनल पहले आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करेगा और फिर चुने गए आवेदकों से बातचीत करेगा। कमिटी द्वारा अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने से पहले कुछ उम्मीदवारों को आमने-सामने इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। सदस्य ने कहा कि हम पहले उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करेंगे और उनमें से कुछ से वर्चुअली बातचीत करेंगे, जबकि कुछ को फिजिकल इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीईओ पद के लिए देशभर के कई रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस और अन्य अफसरों ने दावेदारी की है। यह नियुक्ति तीन साल के अनुंबध पर की जाएगी। विदेश में रहने वाले उम्मीदवार तभी पात्र होंगे जब उनके पास भारतीय नागरिकता हो। उम्मीदवार को सनातन में आस्था रखने वाला होना चाहिए।

# गाजियाबाद: पुलिस हेडक्वॉर्टर में युवती ने जहर पिया, खोड़ा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप

**( यंग भारत न्यूज )**

**गाजियाबाद** : खोड़ा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने खोड़ा थाने में तैनात उपनिरीक्षक पर प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। मामले में शिकायत के बाद कोई कार्रवाई न होने से नाराज होकर युवती ने सोमवार को पुलिस ऑफिस पहुंचकर जहरीला पदार्थ पी लिया।आनन-फानन में मौके पर पुलिसकर्मियों ने उसे रोका और अस्पताल में भर्ती कराया। पूर्व में ही पुलिस आयुक्त ने मामले में की जांच एसीपी महिला अपराध को सौंपी हुई है। एसीपी महिला अपराध शुचिता सिंह ने बताया कि मामले की जांच वह कर रही हैं। उन्होंने युवती को दो बार अपने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया लेकिन वह बयान दर्ज कराने नहीं आई। दो दिन पहले युवती मामी ने कॉल उठाई थी।उन्होंने बताया था कि वह अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने मंगलवार को भी युवती को बुलाया लेकिन वह पुलिस ऑफिस पहुंची थी जहां युवती के द्वारा कुछ पदार्थ पीने की बात सामने आई है। अस्पताल में युवती को भर्ती कराया गया



जहां चिकित्सकों ने युवती की हालत सामान्य है। बयान दर्ज कराने के लिए फिर से संपर्क किया जाएगा। मामले में जिन उपनिरीक्षक पर आरोप लगाए गए है। उन्होंने अपने बयान दर्ज करा दिए है। सभी पहलुओं पर जांच के बाद जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के इमरजेंसी इंचार्ज डॉक्टर डीके वर्मा ने बताया कि युवती को जहर खाई हुई हालत में हॉस्पिटल में लाया गया था। जहां जरूरी दवा और इलाज दिया गया। देर शाम तक उसकी हालत स्थिर बनी हुई थी। डॉक्टरों की टीम उसके स्वास्थ्य पर निगाह रखे हुए थे। एक अन्य प्रकरण में गाजियाबाद नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज में 10 लाख नहीं लाने पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसे जहरीला पदार्थ पिलाकर मारने का भी प्रयास किया गया। विरोध पर पति ने चाकू से हमला किया। मामले में पीड़िता ने नगर कोतवाली में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में दिल्ली गेट द्वारकापुरी की सिफा परवीन ने बताया कि नवंबर 2024 में डासना देहात निवासी जानुल आबेदीन कुरैशी से शादी हुई थी। पति व अन्य लोग दस लाख रुपये की मंग करने लगे। पिता ने रिश्ता बचाने के लिए चार लाख दे दिए। आरोप है कि अगस्त 2025 में सास-ससुर ने उसे पकड़ लिया और ननद ने ऑलआउट उसके मुंह में उड़ेल दी। पति ने चाकू से हमला किया, बचाव के दौरान उसके हाथ में चोट आई। सिफा परवीन का कहना है कि मायके में उसने बेटे को जन्म दिया। कुछ दिन पहले पति और ससुर माफी मांगकर उसे ससुराल ले गए। वहां मारपीट कर गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया गया। इसके बाद वह मायके लौट आई। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय का कहना है कि शिकायत के आधार पर 21 जुलाई को केस दर्ज कर लिया गया है।

# जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिखाए कड़े तेवर

## बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता :-जिलाधिकारी

- **स्कूलों द्वारा वाहन चालक एवं वाहनों की जानकारी न देने पर होगी सख्त कार्यवाही:- जिलाधिकारी।**
- **स्कूल/कॉलेज बिना फिटनेस के वाहन चलाने पर होंगे सीधे जिम्मेदार, एआरटीओ को दिए जांच के आदेश**
- **25 अनफिट स्कूली वाहन किसी भी दशा में सड़क पर नहीं चलें, चलते पाए जाने पर करें सीज़:- जिलाधिकारी**



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति/जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन। जिलाधिकारी ने बैठक में समीक्षा के दौरान कड़े तेवर दिखाते हुए प्रधानाचार्यों एवं स्कूल प्रबंधकों को उनके कर्त्तव्यों का बोध कराया और कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक बच्चे का जीवन महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा स्कूली वाहनों से संबंधित निर्दिष्ट मानकों का सख्ती से अनुपालन किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधक यह प्रमाणित करें कि कोई भी बच्चा बिना लाइसेंस एवं बिना हेलमेट के वाहन से स्कूल नहीं आएगा, यदि स्कूल की ड्रेस में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने के दौरान यदि दुर्घटना होती है तो अभिभावक /प्रधानाचार्य होंगी जिम्मेदार। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्य/व्यवस्थापक एंव अध्यापकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अनफिट वाहन किसी भी दशा में सड़क पर नहीं चलेंगे, यदि वाहन चलते पाए जाते हैं तो विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि यदि बच्चा यातायात नियमों का उल्लंघन कर स्कूल आता है और स्टंटबाजी करता है तो तत्काल कार्यवाही करें। विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने निर्देश दिए कि सभी स्कूल/कॉलेज बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहनों और वाहन चालकों की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि सिर्फ सेफ्टी मानक को पूरा न करने और सूचना न देने पर ऐसे विद्यालयों को नोटिस निर्गत करते हुए सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने एआरटीओ को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने एवं अभियान चलाते हुए विद्यालयों में सेफ्टी मानक पूरा करते वाहनों तथा वाहन चालकों की जांच के आदेश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने एआरटीओ को निर्देशित किया की समस्त विद्यालयों के स्कूली वाहनों की जांचोपरांत 25 अनफिट स्कूली वाहन किसी भी दशा में सड़क पर न चले। इसे कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने ऐसे वाहनों को सीज़ करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूली वाहनों के प्राइवेट ड्राइवरों का वेरिफिकेशन एंव उनकी चिकित्सीय जांच भी कराना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में एआरटीओ श्री हेमचंद्र गौतम ने बताया कि जनपद में कुल 2436 स्कूल इसमें मदरसे भी शामिल है, 2402 स्कूलों की चेकिंग कर ली गई है। स्कूली वाहनों की जांच में 511 बस सभी का परीक्षण कर लिया गया है, जिसमें 13 का पंजीयन निलंबित,23 वाहनों की फिटनेस वैध नहीं थी, 01 वाहन का पंजीयन निरस्त कर दिया गया,03 वाहनों को बंद करा दिया गया है,10 वाहन ने फिटनेस करा ली है एवं 03 वाहन अभी अवशेष हैं जिनकी फिटनेस नहीं हुई है। उन्होंने बताया प्रवर्तन कार्य के दौरान 11 स्कूली बस/ वैन का चालान किया गया, निजी वाहन जो स्कूली वाहन के रूप में संचालित है 39 वाहनों का चालान किया तथा 25 वाहनों को बंद कर संचालन रोक दिया गया है। उक्त वाहन परमिट जारी करने के उपरांत ही सड़क पर चल सकेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रती वर्मा को निर्देशित किया कि स्कूल में ट्रैफिक प्रोग्राम संचालित हो, जिसमें बच्चों को यातायात की जानकारी देते कैसे सड़क पर सुरक्षित चला जाता है की जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कितने बच्चे स्कूल में हेलमेट लगाकर आते हैं, स्कूल प्रबंधन से उक्त जानकारी लेना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी न्याय श्री अरुण कुमार गौड़, एसपी सिटी श्रीमती प्रीति सिंह, नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी श्री रजनीश गुप्ता, डीआइओएस श्रीमती रती वर्मा,सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी श्री संदीप शर्मा, श्री रविंद्र पांडेय आरएलपीएस, एआरटीओ श्री एस के अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता,माइन्स ऑफिसर श्री शैलेन्द्र सिंह, एनएचएआई सहित विभिन्न स्कूलों से आये स्कूल प्रबंधक/प्रधानाचार्य,बस एसोसिएशन, ट्रक एसोसिएशन, आटो एसोसिएशन के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव में बूथ अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है : नागेंद्र गुप्ता

( यंग भारत न्यूज )



**मऊरानीपुर।** भारतीय जनता पार्टी मऊरानीपुर बिधान सभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मऊरानीपुर के एक स्थानीय रिसोर्ट में आयोजित किया गया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री कानपुर क्षेत्र नागेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे विशिष्ठ अतिथि के रूप मे बिधायक डॉ रश्मि आर्य उपस्थित रहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की ।बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के शुभारंभ के पहले अतिथियों द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद वंदेमातरम के साथ शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि असली लड़ाई हमारी बूथ पर है हमे अपने बूथ को मजबूत बनाना है इसके लिए हमे प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इसीलिए बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संगठन द्वारा कराया जा रहा है हमे मण्डल ओर बूथ पर आत्मनिर्भर बनना है। मुख्य अतिथि नागेंद्र गुप्ता पूर्व क्षेत्रीय मंत्री ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी राजनैतिक पार्टी के लिये बूथ अध्यक्ष महत्वपूर्ण कड़ी होता है। बूथ अध्यक्ष की सक्रियता ही राजनैतिक दल को विजयी दिलाती है बूथ जीता तो चुनाव जीता किसी भी चुनाव में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे मजबूत और जमीनी कड़ी माना जाता है, क्योंकि चुनाव की वास्तविक लड़ाई बूथ स्तर पर ही जीती या हारी जाती है। बूथ अध्यक्ष का मुख्य दायित्व अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता से संपर्क स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना होता है। चुनाव के दौरान बूथ अध्यक्ष मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर नए मतदाताओं को जोड़ने, बूथ समिति को सक्रिय रखने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करता है। वह यह सुनिश्चित करता है कि मतदान के दिन प्रत्येक समर्थक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इसके लिए वह घर–घर संपर्क, जनसंपर्क अभियान और विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों का संचालन करता है। बूथ अध्यक्ष पार्टी की योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी होता है। उसकी सक्रियता और मेहनत से संगठन को मजबूती मिलती है तथा चुनाव में बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। यही कारण है कि कहा जाता है कि मजबूत बूथ ही चुनावी विजय की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि बूथ अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करे, तो किसी भी राजनीतिक दल की जीत का मार्ग काफी आसान हो जाता है। इस अवसर पर जिला प्रवासी अबधेश, जिला महामंत्री डा अनिल राज, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, गुड्डी रानी पटेल, नेहिल सिंघई, वीरेंद्र नायक, चंचल कंथरिया, चेयरमैन शशि श्रीवास, रोहित सोनी, ब्लॉक प्रमुख भारती आर्य, रोहित परिहार, मुकेश पटेल, राजेंद्र सिंह चौहान, संजय गुप्ता, संजीव चतुर्वेदी, रजनीश कुमार, रंजीत भोजवाल, जयप्रकाश पाल, आयूष श्रीवास, दीपक त्रिपाठी, शुभम बैध, पंचम पटेल, अनुज मिश्रा, प्रणब दुबे, प्रवेश शर्मा, आनंद सेन,सुधांशु त्रिपाठी, दीपक कुशवाहा, भरत पाल आदि उपस्थित रहे। सभी का आभार जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने व्यक्त किया।

# नई दिल्ली कार्यक्रम का आप सभी को आमंत्रण-राघवेंद्र सिंह राजू

- **25-26-27 जुलाई को नोएडा नई दिल्ली आगमन**
- **26 जुलाई को समीक्षा बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में**

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक यूजीसी कानून वापस लेना चाहिए सरकार को वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि 25 जुलाई से राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह जी का तीन दिवसीय प्रवास नोएडा सेक्टर 35 एवं उत्तर प्रदेश भवन चाणक्यपुरी नई दिल्ली में रहेगा

7– अगस्त को कांस्टीट्यूशन क्लब सभागार मावलंकर ऑडिटोरियम रफी मार्ग नई दिल्ली में राष्ट्र भक्त हमारे संगठन पदाधिकारी गण दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष टीम सदस्यों के साथ देश की राजधानी में सुनाई देगा

‘जय भवानी !

जय राजपूताना !

जय श्री राम !’

‘दिल्ली की इस धरती को नमन, जो शहीदों की गवाह है।‘

पहचान याद दिलाना

‘हम इतिहास नहीं हैं, हम इतिहास बनाने वाले हैं।

राजपूत इस देश की सांस है। राजपूत कमजोर हुआ तो देश कमजोर होगा।‘

समाज में बिखराव का दर्द

‘हमारे समाज के आपसी टकराव से दूसरों ने फायदा उठाया। 100 साल पहले ‘पिछड़ा’ शब्द ही नहीं था।

हमें तोड़कर लगातार कमजोर किया गया।‘सावधान



रहिए

वरना आने वाला वक्त बहुत खराब होगा

यूजीसी कानून – मुख्य मुद्दा

‘सरकार यूजीसी कानून के नाम पर हमारे बच्चों का भविष्य से खिलबाड कर रही है। भेदभाव बढ़ेगा मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान घटेगा

‘हम मांग करते हैं – यूजीसी कानून तुरंत जनहित में सरकार वापस ले इसका प्रस्ताव पारित कर लोकसभा सत्र में राष्ट्रीय संरक्षक एवं अध्यक्ष हमारे मा प्रधानमंत्री को देगे ।‘

लोकतंत्र पर बात

‘लोकतंत्र की ताकत बहुमत नहीं, जनता के सवालों का जवाब है। जवाबदेही लेना कमजोरी नहीं, परिपक्वता है।‘

गर्व और प्रेरणा

‘आप हनुमान हैं। अपनी शक्ति पहचानो। आप में चंद्रगुप्त सो रहा है।’

‘तलवार के बाद अब कलम की बारी है। हमारे पूर्वज तलवार के धनी थे, हमें कलम का धनी बनना है।‘

राघवेंद्र सिंह राजू का समाज को संदेश

‘जन्म से ‘कुंवर साहब’ और अंत तक ‘ठाकुर साहब’ का सम्मान सिर्फ हमें मिला। समाज ने हमें बहुत दिया। अब हमारी बारी है।‘

खाड़ी से पहाड़ी तक सामूहिक एकता का नारा

‘अब जाति नहीं, अब केवल क्षत्रिय एकता

अब केवल हिंदू एकता।’

‘श्रेय की होड़ छोड़ो, समाज की जीत देखो।‘

7 अगस्त का संकल्प

‘आज हम यहां बहस करने नहीं, आ रहे हम एक इतिहास लिखने आ रहे हैं।’

‘संकल्प लें – 2026 में हर गांव, हर जिला, हर प्रदेश में मिशन क्षत्रिय एकता पहुंचेगा।‘

कार्यक्रम प्रभारी ने सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी गण से कहा सोशल मीडिया पर लिखा करो नहि लिख सकते तो हमारे विचार शेयर करो

कार्यक्रम को सफल मनाने के लिए आमंत्रण निमंत्रण भी यही है कि हम एक दूसरे का जानकारी प्रदान करे

‘या तो हम इतिहास लिखेंगे, या इतिहास बन जाएंगे। फैसला आपका है।’

‘उठो जागो और स्वयं को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करो।’

‘जय भवानी। जय राजपूताना।

भारत माता की जय।

पारस चौहान राहुल

आई टी सेल चीफ उत्तर प्रदेश

# अयोध्याः चंदा चोरी विवाद के बीच श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट का ऐतिहासिक निर्णय!

## संतों को सौंपी मंदिर की यह जिम्मेदारी, जानिए कौन होगा नया सीईओ?

( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या:** राम मंदिर में चढ़ावे और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मणि रामदास की छावनी में एक अहम बैठक आयोजित की. इस बैठक में धार्मिक आयोजन और पूजन पद्धति को सुचारू बनाने के लिए अयोध्या के संतों के साथ एक नई 9 सदस्यीय धार्मिक समिति का पुनर्गठन किया गया.

कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि राम मंदिर में रामानंदी परंपरा के अनुसार पूजा–अर्चना की शुचिता और परंपरा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसके लिए अयोध्या के प्रमुख संतों को धार्मिक व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है. समिति में शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ, युगपुर स्वामी परमानंद, महंत दिनेन्द्र दास, महंत कमलनयन दास, महंत राजकुमार दास, स्वामी रामानंद दास और स्वामी मिथिलेशनंदिनी शरण सहित कई संत शामिल किए गए हैं. वहीं, समिति की अध्यक्षता स्वामी गोविंद देव गिरि करेंगे. ट्रस्ट के महासचिव कृष्ण मोहन ने बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ के चयन के लिए गठित



समिति ने आवेदनों की अधिक संख्या और प्रक्रिया की गंभीरता को देखते हुए एक महीने का अतिरिक्त समय मांगा था, जिसे ट्रस्ट ने मंजूरी दे दी है. तब तक प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रखने के लिए एक सचिव की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई है. बैठक में चढ़ावा गणना व्यवस्था की भी समीक्षा की गई. ट्रस्ट ने बताया कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए उस पर कोई चर्चा नहीं की गई. वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोगी संस्थान टकसाल (मिंट) के साथ स्वर्ण और रजत चढ़ावे की मात्रा एवं शुद्धता की जांच की स्थायी व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया. साथ ही, स्टेट बैंक के साथ एमओयू और बैंक की जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई. यह भी बताया गया कि तमाम आरोपों और विवादों के बावजूद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है. करोड़ों रामभक्तों की आस्था पहले की तरह मजबूत है. मीडिया के माध्यम से समाज से नियमित संवाद बनाए रखने के लिए ट्रस्ट ने आधिकारिक प्रवक्ता नियुक्त करने का भी फैसला लिया है. वहीं, ट्रस्ट के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है, जिसमें अभी कुछ और सप्ताह लगेंगे.

# करंट लगने से महिला की मौत

## खेत में कुएं पर पानी भरने गई थी, बिजली तार हाथ में चिपक गया

**झांसी।** जनपद में बुधवार को करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। सुबह 7 बजे वह पानी भरने के लिए खेत में अपने कुएं पर गई थी। इस दौरान बिजली का तार हाथ में चिपक गया। करंट का जोरदार झटका लगने से महिला बेहोश हो गई।

परिजन बंगरा सीएचसी ले गए। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान दोपहर एक बजे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला कटेरा थाना क्षेत्र के पचेरा पड़ेरा गांव का है। मृतका का नाम प्रभा देवी (38) पत्नी खेमराज कुशवाहा था। वह कटेरा थाना क्षेत्र के पेचरा पड़ेरा गांव की रहने वाली थी। मृतक के पति खेमराज कुशवाहा ने बताया कि मैं खेती किसानी करती हूं। हमारे दो बेटे मनीष (17) नीलेश (15) व एक बेटी प्रिंसी (12) हैं। हम लोग खेत पर बने घर में रहते हैं। आज सुबह पत्नी प्रभा घर के पास कुएं पर पानी भरने गई थी। वहां बिजली तार हाथ में चिपक गया। इससे करंट का जोरदार झटका लगा। थोड़ी देर बाद चाचा हरदयाल कुएं पर गए तो पत्नी बेहोश पड़ी थी। चाचा के चिल्लाने पर परिजन और आसपास के लोग पहुंच गए और तार को हटाया। इसके बाद पत्नी को बंगरा सीएचसी ले गए। वहां से डॉक्टरों ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई।

# गर्लफ्रेंड के सामने फंदे पर झूला प्रेमी

**झांसी।** जनपद में बुधवार को गर्लफ्रेंड के सामने प्रेमी फंदा पर झूल गया। गर्लफ्रेंड रोते-चिल्लाते हुए उसे रोकती रही, लेकिन उसने एक नहीं सुनी। सुबह लगभग 10 बजे प्रेमी ने पेड़ पर चढ़कर गमछा से फंदा बनाया और फिर नीचे कूद गया।

फंदा टूटने से वह नीचे पत्थरों पर गिरकर चोटिल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों लगभग 3 साल से रिलेशनशिप में थे और गांव नहीं जाते थे। दो दिन पहले ही दोनों ने एक साथ फोटो खिंचवाई थी। अब इसी फोटो को चूमकर महिला फूट फूटकर रो रही है।सूचना पाकर युवक के भाई, भतीजे समेत अन्य परिजन दोपहर 2 बजे मेडिकल कॉलेज स्थित मॉच्युर्री पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पूरा मामला बड़ागांव थाना क्षेत्र के बिरगुवां गांव का है। निवाड़ी के जेरोन थाना क्षेत्र के जेरा खास गांव निवासी लक्ष्मी ने बताया- 20 साल पहले मेरी शादी कैलाश से हुई थी। उससे मेरी एक बेटी और दो बेटा है। बेटी की शादी हो चुकी है। कैलाश मारपीट करता था, मैं परेशान रहती थी। मैं गांव के लखन (40) के साथ फैक्ट्री में काम करती थी। लखन की पत्नी छोड़कर जा चुकी थी। 4 साल पहले हम दोनों की दोस्ती हो गई, जो जल्द ही प्यार में बदल गई। हम दोनों एक-दूसरे को बेइंतहा मोहब्बत करने लगे। लखन ने मुझे भरोसा दिया कि वो जिंदगी भर साथ देगा। तब हम दोनों ने एक साथ रहने का फैसला किया। लगभग 3 साल पहले मैं अपने पति और बच्चों को छोड़कर लखन के साथ रहने आ गई। इसके बाद हम घर नहीं गए। लक्ष्मी ने आगे बताया- घर से भागने के बाद हम दोनों ग्वालियर, मुंबई में रहे और प्राइवेट काम करके घर चलाया। 15 दिन पहले बिरगुवां गांव आ गए थे। यहां पर मजदूरी कर रहे थे।

# गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी की बढ़ीं मुश्किलें, शस्त्र लाइसेंस की पत्रावली और रायफल गायब होने पर एफआईआर दर्ज

( यंग भारत न्यूज )



**गाजीपुर:** गाजीपुर शहर कोतवाली में मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस–191 के सदस्यों एवं सहयोगियों के शस्त्र लाइसेंसों की जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं के आधार पर गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी समेत तीन लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है. गाजीपुर एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि आईएस–191 मुख्तार अंसारी गिरोह से जुड़े लोगों के शस्त्र लाइसेंसों की जांच के दौरान कुल 145 लाइसेंसों का उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और अरुणाचल प्रदेश में सत्यापन कराया गया.

जांच में कई मामलों में तत्कालीन शस्त्र लिपिकों एवं अधिकारियों की मिलीभगत से बड़ी अनियमितताएं सामने आईं. कुछ खरीदे और बेचे गए शस्त्रों की मूल पत्रावलियां जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से पूरी तरह गायब मिलीं. गायब मिली रायफल और पत्रावली: जांच के दौरान सांसद अफजाल अंसारी को निर्गत शस्त्र लाइसेंस संख्या 1188 P2 से संबंधित पत्रावली भी अभिलेखों में नहीं मिली. इसी लाइसेंस पर खरीदी गई रायफल संख्या 830405 की वर्तमान स्थिति का भी कोई पता नहीं चल सका. इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने सांसद अफजाल अंसारी, तत्कालीन प्रथम शस्त्र लिपिक अशफाक अहमद तथा द्वितीय शस्त्र लिपिक गौरी शंकर राम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता/आईपीसी की धारा 409, 120–बी तथा आर्म्स एक्ट की धारा 21/25 और 30 के तहत मुकदमा दर्ज किया है. एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि आईएस–191 मुख्तार अंसारी गिरोह के सदस्यों और सहयोगियों के शस्त्र लाइसेंसों की जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं. विधिक कार्रवाई में जुटी पुलिस: जांच में 145 शस्त्र लाइसेंसों का विभिन्न राज्यों में सत्यापन कराया गया, जिसमें कई पत्रावलियां गायब मिलीं. सांसद अफजाल अंसारी के शस्त्र लाइसेंस से संबंधित अभिलेख भी उपलब्ध नहीं मिले और संबंधित रायफल की वर्तमान स्थिति का पता नहीं चल सका. उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है.

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318

(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718